दिन–मंगलवार दिनांक– 06 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बांग्लादेश में जारी छात्र आंदोलन और राजनीतिक उथल–पुथल के बीच बिहार पुलिस मुख्यालय ने कटिहार, पूर्णियां और किशनगंज जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने का आदेश दिया।

02. सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव समेत ग्यारह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

03. पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा भाला फेंक स्पर्धा के फाईनल में। भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाईनल में बनाई जगह।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, मधेपुरा, गोपालगंज, गया और मुंगेर समेत पन्द्रह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

बांग्लादेश में जारी छात्र आंदोलन और राजनीतिक उथल–पुथल के बीच बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ाने का आदेश दिया है। कटिहार, पूर्णियां और किशनगंज जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस मुख्यालय ने लोगों से स्थानीय थाना और जिला पुलिस कार्यालय के टोल फ्री नम्बर– एक चार चार तीन दो और एक एक दो पर किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी देने को कहा है। इसके अलावा लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गयी है।

————————————————————

सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत में आज पूरक आरोप पत्र दायर किया है। इसमें तत्कालीन रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव समेत ग्यारह आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले की अगली सुनवाई तेरह अगस्त को होगी।

————————————————————

राज्य सरकार ने खरीद नीति में बड़ा बदलाव करते हुये स्थानीय उत्पादकों और उद्यमियों को बढ़ावा देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नई नीति को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि

नई नीति के तहत बिहार के उद्यमियों, आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं को सरकारी टेंडर प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जायेगी।

———बाईट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि अवैध बालू खनन को रोकने के लिए सरकार ने सूचना देने वालों को पुरस्कृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

———बाईट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एम्स नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप चार हजार तीन सौ पन्द्रह नये पदों के सृजन को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे कम करने के लिए गाड़ियों की गति सीमा तय करने के लिए परिवहन विभाग को अधिकृत किया गया है। इसके अलावा कैबिनेट ने पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान में टॉय ट्रेन के परिचालन को भी मंजूरी दी है।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह खान और भू–तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कैबिनेट द्वारा अवैध खनन पर सूचना देने वालों को पुरस्कृत करने के फैसले की सराहना की है। उन्होंने सूचना देने के लिए मोबाईल नम्बर– नौ चार सात तीन एक नौ एक चार तीन सात और नौ नौ तीन नौ पांच नौ छह पांच पांच चार जारी किया।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए देशभर में एक करोड़ बानवे लाख सिम कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने ये जानकारी दी।

———बाईट———

धोखाधडी को रियल टाइम में रोकने के लिए एनपीसीआई के साथ जोडा गया। जुलाई 2024 से सात दशमलव छह लाख से अधिक शिकायतों में चौबीस सौ करोड रुपए से अधिक राशि की बचत की गई। टोल फ्री नम्बर 1930 अप्रैल 2020 में आरंभ किया गया। इस प्रकार से सरकार तमाम ऐसे प्रचार–प्रसार कर रही है। दूर–संचार विभाग से जून 2024 में एक दशमलव 92 करोड मोबाइल कनेक्शनों को भी डिसकनेक्ट किया और दो दशमलव नौ लाख मोबाइल को हेंडसेट से भी ब्लॉक किया। लगातार सरकार इस पर ध्यान दे रही है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में पिछले दस साल में वामपंथी उग्रवाद में बहुत कमी देखी गई है। लोकसभा में प्रश्नकाल का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 38 रह गई है। वर्ष दो हजार तेरह में यह संख्या एक सौ छब्बीस थी।

———बाईट———

2004 से 2014 तक की उसमें 1824 जवानों ने अपनी जान गंवाई थी। मोदी के एनडीए सरकार के इस दस वर्षों में 509 अपने जवानों ने भी जान गंवाई है और इस प्रकार से जब देखेंगे कि 72 प्रतिशत की कमी हुई है। नागरिकों की जान गंवाने में कमी आई है, जो वामपंथी उग्रवादियों द्वारा उनकी हत्या की जाती है। 69 प्रतिशत की इसमें कमी आई है।

———————————————————

केंद्र ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत ग्यारह करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को अब तक तीन लाख चौबीस हजार करोड़ रुपये वितरित किए किए हैं। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने यह बात कही।

———————————————————

पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक स्पर्धा के फाईनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वालिफिकेशन मैच की शुरुआत नवासी दशमलव तीन चार मीटर के जबरदस्त थ्रो के साथ की। वहीं, पहलवान विनेश फोगाट, महिलाओं के पचास किग्रा फ्रीस्टाइल क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को सात—पांच से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। इधर, हॉकी में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस पर दायर सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले को समाप्त कर दिया है। न्यायमूर्ति संदीप कुमार की एकल पीठ ने कहा कि संजीव हंस के खिलाफ गलत तरीके से केस दर्ज हुआ था। इस मामले में कोई केस नहीं बनता है। गौरतलब है कि संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव पर पटना के रूपसपुर थाने में एक महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। संजीव हंस ने इसे पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

———————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों के लिए कल से पुनर्परीक्षा का आयोजन होगा। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन सात, ग्यारह, अठारह, इक्कीस, पच्चीस और अट्ठाईस अगस्त को एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे तक किया जायेगा।

———बाईट———

इस बीच, आर्थिक अपराध इकाई ने कल से शुरू हो रही परीक्षा के लिए एडवाईजरी जारी की है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने अभ्यर्थियों से

किसी भी झांसे में नहीं आने की अपील की है। श्री ढिल्लो ने बताया कि किसी प्रकार की सूचना देने के लिए ईओयू ने वाट्सएप नम्बर और ई–मेल आईडी जारी किया है।

———बाईट———

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियां उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर और घाघरा नदी सीवान के दरौली में चेतावनी के स्तर से ऊपर बनी हुई है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और कमला बलान नदी मधुबनी के जयनगर में उफान पर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि भीम नगर कोसी बराज से आज नदी में एक लाख सत्तावन हजार तीन सौ चालीस क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया। वहीं, नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह में भी पानी बढ़ते क्रम में रिकॉर्ड किया जा रहा है। इधर, पटना के फतुहा में धोबा नदी का तटबंध टूट जाने से सैकड़ों एकड़ रकबे में लगी धान की फसल डूब गयी। कई स्थानों पर बाढ़ का पानी भी फैल गया है। इस बीच, सोन नदी के जलस्तर में कमी आने से रोहतास और अरवल जिले में बाढ़ का खतरा टल गया है। हमारे रोहतास संवाददाता ने बताया कि जिले के तिलौथु प्रखंड क्षेत्र स्थित सरैया घाट सोन टीला पर फंसे अठारह किसानों को एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। जलस्तर बढ़ने के बाद ये सभी किसान पिछले तीन दिनों से नदी की धारा में फंसे हुये थे।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चम्पारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ अंठानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, बेतिया में एक सौ चौंसठ और सुपौल के राघोपुर में एक सौ अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर एक सौ पैंतीस से पचास मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, सहरसा, मधेपुरा, किशनगंज, गोपालगंज, कैमूर, गया और मुंगेर समेत पन्द्रह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत

भारी बारिश होने की आशंका है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में बेगूसराय जिले के बरौनी में एक महिला की मौत हो गयी जबकि उसका पति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के नरेश सिंह गली स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर एक हजार पांच सौ तैंतालीस लीटर शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. बांग्लादेश में जारी छात्र आंदोलन और राजनीतिक उथल–पुथल के बीच बिहार पुलिस मुख्यालय ने कटिहार, पूर्णियां और किशनगंज जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने का आदेश दिया।
02. सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव समेत ग्यारह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।
03. पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा भाला फेंक स्पर्धा के फाईनल में। भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाईनल में बनाई जगह।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, मधेपुरा, गोपालगंज, गया और मुंगेर समेत पन्द्रह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।